महत्वपूर्ण एवं खास

मुख्यमंत्री आज करेंगे डोंगरगढ़ में रोप वे का लोकार्पण

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज 13 मार्च को अपने रायपुर निवास से सवेरे 10.30 बजे कार द्वारा रवाना होकर 10.50 बजे विधानसभा पहुंचेंगे। श्री बघेल विधानसभा सत्र में शामिल होने के बाद दोपहर 12.30 बजे हेलीकॉप्टर से रवाना होकर दोपहर 1.10 बजे डोंगरगढ़ पहुचेंगे। मुख्यमंत्री डोंगरगढ़ में रोपवे के लोकार्पण समारोह में शामिल होने के बाद अपरान्ह 2.25 बजे वापस राजधनी रायपुर लौट आएंगे।

बच्चो को कुत्ते द्वारा काटने के विवाद पर महिलाएं आपस में भिड़ी

» महिला को दांत से काटा

रायपुर (आरएनएस)। पालतू कुत्ते द्वारा बच्चे को काट लेने के विवाद में दो महिलाओं ने एक महिला के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर दांत से काटकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सांई नगर नगरपारा उरला निवासी राजकुमार मरावी 36 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि गुरुवार को सांई नगर में प्रार्थी के बेटे को पूनम सिंह, आरती के पालतू कुत्ते ने काट लिया। इस पर प्रार्थी की पत्नी के द्वारा कुत्ते को संभालकर रखने कहने पर दोनों महिलाओं ने गाली गलौज करते हुए विवाद कर दांत से काटकर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे के अंदर से टीवी, फ्रीज, मिक्सी चोरी, मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे के अंदर रखे टीवी, फ्रीज, मिक्सी सहित अन्य सामान चोरी करने की रिपोर्ट उरला थाने में दर्ज की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ईतवारी बाजार बिरगांव निवासी वेदराम वर्मा, 53 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी के मकान का ताला तोड़कर 11 से 12 मार्च के मध्य किसी ने कमरे में प्रवेश कर अंदर रखे टीवी, फ्रीज, मिक्सी, सेटअप बाक्स आदि चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

तेज रफ्तार मोटर सायकल से महिला गिरी, इलाज के दौरान मौत

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार मोटर सायकल से पीछे बैठी महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी मौत हो जाने पर मोटर सायकल के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शंकरनगर रायपुर निवासी विकास पाण्डेय 21 वर्ष पिता अशोक कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 11 दिसंबर को खेमू विश्वकर्मा अपनी मोटर सायकल से पत्नी को लेकर ग्राम पिरदा खरोरा जा रहा था तभी मोटर सायकल तेज रफ्तार होने के चलते पीछे बैठी आरोपी की पत्नी ललिता विश्वकर्मा 38 वर्ष गिर गई। जिसके चलते गंभीर चोट आने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

बस की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो की मौत एक घायल, अपराध दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। बस की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अर्वति बिहार विजय नगर तेलीबांधा निवासी राजेन्द्र साउद 35 वर्ष माना कैम्प थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 11 मार्च को एसीसी मिक्र प्लांट के पास माना में तेज रफ्तार बस क्रमांक सीजी 07 एन 6010 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तीन लोगों को एक्टिवा से जाते समय अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते बलबहादूर साउद 27 वर्ष पिता मुने साउद एवं अमर साउद 42 वर्ष पिता सूर्य बहादूर साउद की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं बिपीन साउद घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।

दिल्ली से लौटते ही मुख्यमंत्री बघेल ने कोरोना के संबंध में ली आपात बैठक

» केंद्र सरकार की एडवाइजरी के अनुरूप कार्रवाई करने के दिए निर्देश

» कोरोना वायरस से निपटने के लिए किए गए इंतजामों की समीक्षा की

» परीक्षाओं को छोड़कर स्कूल और कॉलेजों को 31 मार्च तक बंद करने का लिया गया निर्णय

» लोगों को सजग रहने और शासकीय कार्यक्रमों में भीड़-भाड़ से बचने की हिदायत

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज देर शाम दिल्ली से लौटते ही अपने निवास कार्यालय में आपात बैठक लेकर प्रदेश में कोराना वायरस से निपटने के लिए की गई तैयारियों और इंतजामों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को कोराना वायरस से बचाव के लिए किए गए इंतजामों की नियमित समीक्षा और निगरानी करने के निर्देश दिए है। भारत सरकार द्वारा कोराना वायरस को लेकर जारी की गई एडवाइजरी के तारतम्य में बैठक में प्रदेश में परीक्षाओं को छोड़कर सभी स्कूल और कॉलेजों को आगामी 31 मार्च तक बंद करने का निर्णय लिया गया। परीक्षाएं अपने निर्धारित समय-सारणी के अनुसार आयोजित की जाएंगी। बैठक में लोगों को सजग और जागरूक रहने तथा शासकीय कार्यक्रमों में भीड़-भाड़ से बचने की हिदायत भी दी गई। कोराना से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को दिए है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में कोराना वायरस से निपटने के लिए संपूर्ण तैयारियां सुनिश्चित की गई है।

राज्य सरकार द्वारा पूर्व में ही कार्यालयों में 31 मार्च तक बायोमेट्रिक उपस्थिति पर रोक लगा दी गई है। कोराना वायरस के संबंध में केन्द्र सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निर्देशों का लगातार नियमित रूप से सभी माध्यमों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कोराना को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से बुलेटिन भी जारी किया जा रहा है।

नोवल कोरोना वायरस के नाम पर दस का मास्क बिक रहा 30 रुपये में

» मामला शिव ओम मेडिकल स्टोर्स खम्हारडीह का

रायपुर (आरएनएस)। विश्व देश एवं प्रदेश में नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए सभी देशों, प्रदेशों की सरकार जहां मास्क का वितरण निशुल्क कर रही हैं वहीं खम्हारडीह स्थित शिव ओम मेडिकल स्टोर द्वारा चेहरे में पहने जाने वाला मास्क 10 रुपये का 30 रुपये में बेचा जा रहा है। ग्राहक द्वारा इस संबंध में जब दस रुपये का मास्क 20 रुपये अधिक लेने पर आपत्ति की गई तब मेडिकल स्टोर संचालक ने कहा कि मास्क का शार्टेज हो गया है। वे उपलब्ध करा रहे हैं। क्योंकि वे नहीं चाहते वायरस का प्रभाव किसी भी व्यक्ति को संक्रमित करे। इसी तरह सेनीटाइजेशन से संबंधित सामाग्री भी शहर के अनेक मेडिकल स्टोरों में अधिक दाम लेकर बेची जा रही है। ज्ञातव्य है कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश का स्वास्थ्य अमला केंद्र सरकार के निर्देश पर जहां लोगों को जनजागरूकता अभियान के जरिए सचेत कर रहा है। संचालकों द्वारा अभियान की आड़ में मुनाफाखोरी कर उपभोक्ताओं को खुलेआम लूटा जा रहा है। इस पर डॉक्टर चंद्रमणी तिवारी डॉ. योगेश चंद्र मिश्रा ने कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए स्वास्थ्यमंत्री टीएस सिंहदेव से बीमारी की आड़ में लूटने वाले मेडिकल स्टोर्स संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

कोरोना वायरस का संक्रमण रोकने प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्र 31 तक रहेंगे बंद

» वजन त्यौहार और पोषण पखवाड़ा के कार्यक्रम स्थगित

» हितग्राहियों को रेडी-टू-ईट वितरण जारी रहेगा

» महिला एवं बाल विकास सचिव ने जारी किए निर्देश

रायपुर (आरएनएस)। केन्द्र सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी के तारतम्य में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि नोवल कोरोना वायरस कोविड-19 से संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी और मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र 31 मार्च 2020 तक तत्काल प्रभाव से बंद रहेंगे। इस अवधि में हितग्राहियों को प्रावधान अनुसार रेडी-टू-ईट का वितरण यथावत जारी रहेगा। वजन त्यौहार एवं पोषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा के कार्यक्रमों को आगामी आदेश तक स्थगित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इस संबंध में मंत्रालय से महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने विभागीय आयुक्त, सभी संभागीय संभागायुक्तों, कलेक्टरों, जिला कार्यक्रम अधिकारियों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों को परिपत्र जारी कर दिया गया है।

नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण कालेजों में 31 तक अवकाश

रायपुर (आरएनएस)। नोवल कोरोना वायरस की संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय इंद्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर से क्रमांक 62 के तहत जारी आदेश के अनुसार श्रीमती शारदा वर्मा उच्च शिक्षा ने समस्त महाविद्यालयों में आज से 31 मार्च तक अवकाश घोषित किया है। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार उक्त अवधि में विश्वविद्यालयों द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए होने वाली परीक्षाएं अपने निर्धारित समय में यथावत होंगी।

बुजुर्गों, दिव्यांगों और बीमार पेंशनरों को घर बैठे ही मिली कुल 3 करोड़ रूपए की पेंशन

» बैंक सखियों ने 22 हजार पेंशनरों को पहुंचायी राहत

रायपुर। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बैंक सखियों के माध्यम से राज्य के पेंशनधारी बुजुर्गों, दिव्यांगों और गंभीर रूप से बीमार पेंशनरों को उनके घर पहुंचकर पेंशन की राशि प्रदान की जा रही है।

इसी कड़ी में सरगुजा जिले के 402 ग्राम पंचायतों के लिए नियुक्त 69 बैंक सखियों के द्वारा अब तक 21 हजार 897 पेंशन हितग्राहियों को 3 करोड़ 17 लाख रूपए की पेंशन राशि का घर-घर जाकर भुगतान कर बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं बीमार पेंशनरों को राहत पहुंचाया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत महिला स्व-सहायता समूहों की पढ़ी-लिखी सदस्यों को विभिन्न बैंकों में प्रशिक्षण के माध्यम से बैंकिंग प्रक्रिया की जानकारी दी जाती है।

सरगुजा जिले में बिहान के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूह की दीदीयों को बैंक सखी के रूप में नियुक्त किया गया है। बैंक सखी को कार्य करने के लिए लेपटाप एवं थम्ब मशीन मुहैया कराया जाता है, जिसमें वह बैंकिंग सेवाएं जैसे नगद निकालना, अकाउंट खोलना कार्य करती हैं। बैंक सखी योजना से ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के लिए शहर नहीं जाना पड़ता है।

अब उन्हें अपने गांव में ही बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध हो जाती हैं, वहीं बैंक सखी बनकर परिवार के भरण-पोषण में अहम भूमिका निभा रही हैं। बैंक सखी नियुक्त हो जाने के काफी दूरगामी व सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। बैंक सखी लोगों के समय और धन की बचत करके उन्हें अपने ही गांव में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने पार्वतीपुर पहुंचकर स्व. दखलु राम भगत को श्रद्धांजलि अर्पित की

रायपुर। सरगुजा सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह ने आज खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत के पैतृक गांव पार्वतीपुर पहुंचकर उनके स्वर्गीय पिता श्री दखलु राम भगत को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती रेणुका सिंह ने शोक संतप्त परिवार को इस कठिन घड़ी में शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। श्री अमरजीत भगत के 80 वर्षीय पिता श्री दखलु राम भगत का 9 मार्च को रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया था।

शोक संतप्त परिवार को इस दुखद घड़ी में शोक संवेदना एवं श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष खेलसाय सिंह, सरगुजा कमिश्नर श्री इमिल लकड़ा, पुलिस महानिरीक्षक श्री रतनलाल डांगी, कलेक्टर श्री दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री राजेश कुकरेजा, बलरामपुर कलेक्टर श्री संजीव झा, बलरामपुर पुलिस अधीक्षक, जशपुर कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, पूर्व विधायक श्रीमती रजनी त्रिपाठी सहित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के पैतृक गांव पार्वतीपुर पहुंचकर शोक संतप्त परिवारजनों को इस कठिन घड़ी में शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

बस स्टैण्ड में मिला गांजा से भरा लावारिस बैग

» पुलिस ने किया जब्त

रायपुर (आरएनएस)। मुखबिर की सूचना पर पंडरी बस स्टैण्ड में पुलिस ने राजहंस ट्रेवल्स के सामने पीठू बैग में भरे दो किलो गांजा मादक पदार्थ जब्त किया है। जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत करीब 10 हजार रूपए आंकी गई है। देवेन्द्र नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 12 मार्च को टेलीफोन पर सूचना मिलने पर पंडरी बस स्टैण्ड में राजहंस ट्रेवल्स के सामने एक नीले रंग का पीठू बैग लवारिस हालत में बरामद किया है। बैग के संबंध में आसपास पूछताछ करने पर कोई भी व्यक्ति सामने नहीं आया उसके बाद पुलिस ने बैग की तलाशी दो गवाहों के समक्ष लिया।

बैग के अंदर एक किलो 900 ग्राम मादक पदार्थ गांजा पॉलिथीन में लपेटकर रखा गया था। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पुलिस को देखते ही गांजा तस्करबैग छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट के तहत आपराध पंजीबद्ध कर गांजा जब्त कर लिया है।

» जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा लगाया जा रहा कैंप

एसआर हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर में विभिन्न पदों के लिए प्लेसमेंट कैंप 16 को

रायपुर (आरएनएस)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायपुर द्वारा हॉस्पिटल स्टाफ के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 16 मार्च को किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट कैंप एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर धमधा रोड चिखली दुर्ग में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैंप रोजगार कार्यालय परिसर, पुराना पुलिस मुख्यालय रायपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से मिली जानकारी के मुताबिक प्लेसमेंट कैंप में एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के लिए मेडिकल ऑफिसर 6 पद (एमबीबीएस), असिस्टेंट मेडिकल ऑफिसर 6 पद(बीएएमएस, बीएचएमएस, बीईएमएस), नर्सिंग सुप्रीटेंडेंट 1 पद (बीएससी नर्सिंग/जीएनएम), असिस्टेंट नर्सिंग सुप्रीटेंडेंट 1 पद (बीएससी नर्सिंग/जीएनएम), नर्सिंग स्टाफ 10 पद (बीएससी नर्सिंग), नर्सिंग स्टाफ 10 पद (जीएनएम नर्सिंग), नर्सिंग स्टाफ 10 पद (एएनएम), ओटी टेक्निशियन 4 पद (पैरामेडिकल कोर्स), असिस्टेंट नर्सिंग स्टाफ30 पद (वीटीपी), ऑप्टोमिक टेक्निशियन 2 पद (पैरामेडिकल कोर्स), कार्पोरेट मेनेजर 1 पद (पोस्ट ग्रेजुएट), टीपीए इंचार्ज 1 पद (पोस्ट ग्रेजुएट), जीएम मार्केटिंग 1 पद (पोस्ट ग्रेजुएट) तथा फील्ड ऑफिसर 20 पद (12 वीं) के लिए भर्ती की जाएगी। सभी का कार्यक्षेत्र दुर्ग हो।

राज्यपाल से परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर्स के प्रतिनिधिंडल ने की मुलाकात

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज राजभवन के दरबार हाल में राज्य प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर्स के प्रतिनिधिंडल ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को अपने परिचय बताया और अनुभव साझा किया। राज्यपाल ने उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को यह सेवा करने का एक प्लेटफार्म मिला है आप जहां भी पदस्थ रहे वहां आपके समक्ष कोई समस्या लेकर आते है तो उनकी अवश्य सुनें और समाधान करने का प्रयास करें। हमेशा निष्पक्ष रहे और सदैव अच्छा काम करे और समाज को नई दिशा दें।

राज्यपाल ने अपने पुराने दिनों का अनुभव साझा किया और कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को 5वीं अनुसूची सहित अनुसूचित जाति-जनजाति से संबंधित कानूनों का अवश्य जानकारी रखे। यदि किसी परियोजना-विकास कार्यो के कारण जमीन अधिग्रहण की जाती है तो संबंधित गांव के लोगों से सहमति ले और उनसे बातचीत करे और उन्हें उचित मुआवजा दिलाएं। सभी पक्षों से सामंजस्य बनाकर कार्य करें और प्रयास करे की किसी भी स्थिति में समाधान का रास्ता अवश्य निकले। राज्यपाल के सचिव श्री सोनमणि बोरा ने कहा कि यह जनसेवा का माध्यम है। एक लोकसेवक को धर्माधिकारी, दंडाधिकारी और विकासोन्मुखी दायित्व का निर्वहण करना चाहिए।

विधानसभा कार्यमंत्रणा समिति की हुई बैठक

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत की अध्यक्षता और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में शुक्रवार को यहां विधानसभा के समिति कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के अन्य सदस्यों में संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे, पंचायत मंत्री टीएस सिंह, गृहमंत्री ताम्रध्वत साहू, वन मंत्री मो. अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री डा. शिवकुमार डहरिया, नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह भी मौजूद थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसमर्पण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षय में लेकर बेरोजगार, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सलाहता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहयता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU